PRESS CLIPPINGS

Date: 25th July 2014

ICFAI University Jharkhand offer Special Scholarship Scheme for ST/SC/OBC Student

प्रभात खबर \ सिटी

रांची, शुक्रवार, 25 जुलाई, 2014
www.prabhatkhabar.com 06

इक्फाइ विवि में एससी/एसटी व पिछड़ों के लिए विशेष योजना

संवाददाता, रांची

इक्फाइ विवि, झारखंड ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र के सभी कार्यक्रमों में एससी/एसटी व अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए विशेष स्कॉलरशिप योजना तैयार की है.

उक्त निर्णय आज विवि की महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया. इस योजना के बारे में कुलपति प्रो ओआरएस राव ने बताया कि बीबीए, बीसीए और बीटेक तथा एमबीए के परिसर आधारित कार्यक्रम में झारखंड के छात्रों को पहले से ही रियायत दी जा रही है.

अब पात्रता परीक्षा में विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें मेरिट छात्रवृत्ति भी दी जायेगी. इस योजना का मुख्य उद्देश्य कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देना है. रजिस्ट्रार डॉ वीएम सिंह ने बताया कि सभी योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों को मिल सके इसके लिए एक कैरियर परामर्श योजना बनायी गयी है.

वंचित वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया गया.

सन्मार्ग
रांची, शुक्रवार, 25 जुलाई 2014
www.sanmargjharkhand.com
04

आरक्षित वर्गों के लिए ईक्फाई में स्कॉलरशिप योजना

संवाददाता

रांची : अशोक नगर स्थित ईक्फाई विवि में वृहस्पतिवार को आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप योजना लॉन्च की गयी। संस्थान के कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने बताया कि बीबीए, बीसीए, बीटेक व एमबीए आधारित कार्यक्रमों के लिए यह योजना बहुत लाभप्रद सिद्ध होगी। इसके अलावा पात्रता परीक्षा में छात्रों को प्रदर्शन के आधार पर मेरिट छात्रवृति भी देने योजना है। इस योजना में मुख्य रुप से वैसे छात्रों को प्रोत्साहन देना है जो आर्थिक रुप से पिछड़े हुये हैं। संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ. बी एम सिंह ने बताया कि सभी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए एक कॅरियर परामर्श योजना रखी गई है। सभी तरह की छात्रवृति योजनाओं की जानकारी के लिए 0651-2243103 पर कॉल किया जा सकता है।

the pioneer
RANCHI | FRIDAY | JULY 25, 2014
capital 03

ICFAI VARSITY'S PLAN FOR SC, ST, OBC STUDENTS

Ranchi: ICFAI University, Jharkhand is offering a special scheme for admission of SC, ST, OBC and Minorities students into its full time programmes for current year.

07 • रांची • शुक्रवार • 25 जुलाई 2014 हिन्दुस्तान

इक्फाई विवि में एससी/एसटी छात्रों को छात्रवृत्ति

रांची। इक्फाई विवि अनुसूचित जाति-जनजाति पर विशेष ध्यान देने जा रही है। ऐसे छात्रों का एडमिशन अधिक संख्या में हो इसके लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था की गई है। इसके बारे में कुलपति ओआरएस राव ने बताया कि यह बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए व बीटेक के कोर्स में एडमिशन करानेवाले छात्रों को इसका लाभ दिया जाएगा। इसके लिए छात्रों को टेस्ट पास करना होगा। वहीं रजिस्ट्रार डॉ बीएम सिंह ने कहा कि यह गरीब छात्रों को काफी लाभ पहुंचाएगा। ऐसे छात्र भी अब बिना पैसे की चिंता के पढ़ सकेंगे।

रांची एक्सप्रेस
रांची, शुक्रवार 25 जुलाई 2014

3 राजधानी

विशेष छात्रवृत्ति योजना

रांची, 24 जुलाई (रां.ए.सं.) : इक्फाई विवि झारखण्ड ने वर्त्तमान शैक्षणिक सत्र में अनुसूचित जाति/जनजाति व पिछड़ा वर्ग सहित अल्पसंख्यक छात्रों के दाखिले के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना लागू की है। कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने बताया कि यह बीबीए, बीसीए, बीटेक और एमबीए के परिसर आधारित कोर्सों में छात्रों के लिए काफी बेहतर है।